**नागरिक/ग्राहक चार्टर वित्त मंत्रालय**

**लोक उद्यम विभाग**

**ब्लॉक संख्या -14, सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली -110003**

**आपके प्रति हमारी प्रतिबद्धताएं**

| सं. | हमारी सेवाएं और संव्यवहार | हम इस क्षेत्र में अपने निष्पादन को कैसे मापते हैं | हमारे सेवा मानक |
|---|---|---|---|
| 1 | सीपीएसई और प्रशासनिक मंत्रालयों के बीच समझौता ज्ञापन लक्ष्यों को अंतिम रूप देना - प्रशासनिक मंत्रालयों के माध्यम से सीपीएसई के समझौता ज्ञापन का मसौदा प्राप्त होता है। तत्पश्चात्, लोक उद्यम विभाग सीपीएसई की समझौता ज्ञापन वार्ता बैठकों के लिए समालोचना तैयार करके सीपीएसई के प्रस्तावित लक्ष्यों का विश्लेषण करता है और वित्तीय और गैर-वित्तीय दोनों पैरामीटरों पर लक्ष्य निर्धारित करने के लिए अंतिम विचार करने तथा सिफारिश करने के लिए उसे तदर्थ कार्य बल (एटीएफ) को प्रस्तुत करता है। | उपयुक्त प्राधिकारी के माध्यम से सीपीएसई के मसौदा एमओयू के पूर्ण प्रस्तावों की प्राप्ति की तारीख से एटीएफ द्वारा यथा संस्तुत सीपीएसई के एमओयू लक्ष्यों को सूचित करने की तारीख तक लिए गए दिनों की संख्या। | एमओयू वर्ष के मई महीने तक |
| 2. | समझौता ज्ञापन स्कोर और सीपीएसई की रेटिंग के लिए सीपीएसई के निष्पादन मूल्यांकन को अंतिम रूप देना – प्रशासनिक मंत्रालयों के माध्यम से सीपीएसई का वार्षिक कार्य-निष्पादन प्राप्त होता है। तत्पश्चात्, लोक उद्यम विभाग समझौता ज्ञापन में ऐसे संबंधित सीपीएसई के लिए निर्धारित लक्ष्यों की तुलना में सीपीएसई के कार्यनिष्पादन का विश्लेषण करता है, एमओयू स्कोर/रेटिंग की गणना करता है और प्रस्तावों को एटीएफ के समक्ष उनके अंतिम विचार और सिफारिश के लिए प्रस्तुत करता है जिसे एचपीसी द्वारा अंतिम रूप से अनुमोदित किया जाता है। | उपयुक्त प्राधिकारी के माध्यम से सीपीएसई की वार्षिक कार्य-निष्पादन रिपोर्ट की प्राप्ति की तारीख से एटीएफ द्वारा यथा संस्तुत समझौता ज्ञापन स्कोर और रेटिंग की अंतिम सूचना की तारीख तक लिए गए दिनों की संख्या। | एमओयू वर्ष के दिसंबर महीने तक |
| 3. | गैर-सरकारी निदेशकों के चयन के संबंध में खोज समिति/पीईएसबी की सिफारिशों से अवगत कराना। | खोज समिति की बैठक की तारीख से खोज समिति की सिफारिश प्रशासनिक मंत्रालयों सूचित करने की तारीख तक लिए गए अधिकतम दिनों की संख्या। | 5 दिन |

प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों और संपर्क व्यक्ति के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट https://dpe.gov.in देखें।

क. निम्नलिखित पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करें: https://pgportal.gov.in/